



# आधी रात को आग में सुलगा ईव्ही का शो रूम





**खास बातें**

- दूसरी मंजिल पर रह रहे परिवार को जेसीबी की मदद से बचाया
- 25 से 30 लाख के नुकसान का लगाया जा रहा अनुमान

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 6 मई, पीतलमील इलाके में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक ईवी बाइक शोरूम में भीषण आग लग गई.इस हादसे में 30 से 35 इलेक्ट्रिक गाड़ियां जलकर खाक हो गईं और करीब 25 लाख रुपए का नुकसान हुआ है.**

शोरूम के ऊपर बनी दो मंजिलों में रह रहे दो परिवारों के 6 लोग धुएं की चपेट में आकर फंस गए. इन्हें बचाने के लिए प्रायवेट जेसीबी बुलानी पड़ी और गैलरी की ग्रिल तोड़कर सुरक्षित बाहर निकाला गया. इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है. कॉन्वेंट स्कूल के सामने स्थित इस बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर शोरूम और ऊपर मकान बने हैं.रात करीब डेढ़ बजे फर्स्ट फ्लोर पर रह रही बुजुर्ग महिला को धुएं का एहसास हुआ.देखते ही देखते धुआं पूरे भवन में फैल गया और सांस लेना मुश्किल हो गया.

### दूसरी मंजिल पर फंसे जैन परिवार का जेसीबी से रेस्क्यू, आग से मची अफरा-तफरी

दूसरी मंजिल पर रह रहा जैन परिवार भी आग लगने पर जान बचाने के लिए छज्जे पर पहुंच गया. हालात बिगड़ने पर एक प्राइवेट जेसीबी मशीन बुलाई गई.जेसीबी की मदद से गैलरी की ग्रिल तोड़कर फर्स्ट फ्लोर पर फंसी बुजुर्ग महिला और उनकी बेटी का रेस्क्यू किया गया. आग बुझने के बाद दूसरी मंजिल का परिवार भी सुरक्षित नीचे उतर आया.फर्स्ट फ्लोर निवासी गौरांग माथुर, जो घटना के समय भोपाल में थे, ने बताया कि रात करीब 2 बजे मां ने फोन कर नीचे धुआं उठने की जानकारी दी थी. इसके बाद सिविल लाइन थाना प्रभारी को सूचना दी गई.

### शोरूम में लगी भीषण आग, 30 से 35 गाड़ियां जलकर खाक, लाखों का नुकसान

बताया जा रहा है कि यदि दमकल समय पर पहुंच जाती तो नुकसान कम हो सकता था. आग के कारण नीचे उतरने का रास्ता बंद था, इसलिए जेसीबी बुलाकर मां और बेटी को बाहर निकाला गया.परिवार का करीब एक लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया. मकान मालिक पंकज जैन ने बताया कि उन्होंने प्रथम तल पर रह रहे परिवार को फोन कर आग लगने की सूचना दी थी.पंकज ने बताया कि शोरूम में खड़ी लगभग 30 से 35 गाड़ियां आग में जल गईं, जिससे करीब 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है. प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या एसी ब्लास्ट माना जा रहा है. हालांकि, शोरूम में रखी किसी भी गाड़ी की बैटरी में ब्लास्ट नहीं हुआ और सभी सुरक्षित पाई गईं.सूचना मिलने पर दमकल टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.सुबह जब बिल्डिंग का एक किरायेदार मौके पर पहुंचा तो उसके कमरे में धुआं भरा हुआ था, लेकिन गनीमत रही कि उसका कोई सामान नहीं जला.फिलहाल पुलिस और फायर विभाग की टीमें आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच कर रही हैं.

## बंजारी माता के पास शाह वेयरहाउस में किसानों का फूटा आक्रोश

**चक्काजाम की बनी नौबत,धीमी तुलाई**

**अव्यवस्था और हम्मालों की कमी से परेशान किसान**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 6 मई,बरेठ रोड स्थित बंजारी माता मंदिर के पास शाह वेयरहाउस में इन दिनों किसानों का गुस्सा खुलकर सामने आ रहा है. पिछले 6-7 दिनों से लंबी कतारों में खड़े किसान अब चक्काजाम करने को मजबूर हो गए हैं. मुख्य वजह तुलाई की धीमी प्रक्रिया और पूरी तरह चरमराई व्यवस्था बताई जा रही है.**

किसानों का कहना है कि प्रशासन बड़े धर्मकांटे पर तुलाई की अनुमति नहीं दे रहा है. जिससे छोटे कांटों के जरिए एक-एक ट्रॉली की तुलाई में घंटों नहीं. बल्कि कई दिनों का समय लग रहा है. इस बीच हम्मालों की कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है. जिससे गेहूं की निकासी और धीमी हो गई है.प्रशासन द्वारा प्रतिदिन लगभग 2250 कुंटल गेहूं की तुलाई का लक्ष्य तय किया गया है. लेकिन जमीनी हकीकत इससे काफी अलग है. किसानों का आरोप है कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप तुलाई नहीं हो पा रही. जिससे केंद्रों पर भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है.किसानों की मांग है कि बड़े धर्मकांटे पर तुलाई की अनुमति दी जाए. ताकि ट्रॉलियां जल्दी खाली हो सकें और केंद्र पर जमा भीड़ कम हो. उनका कहना है कि अगर प्रशासन समय रहते ठोस निर्णय ले. तो कम समय में अधिक तुलाई संभव है.फिलहाल सवाल यही बना हुआ है कि क्या किसानों को यूं ही लंबी कतारों में खड़ा रखा जाएगा.

## नेशनल लोक अदालत 9 को

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शेख सलीम के मार्गदर्शन में 9 मई को जिले के समस्त न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा.


**:: जाहिर सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मुकेश जैन निवासी चन्द्रप्रभु मंदिर के पास मल्टी थाना सिविल लाईन विदिशा में निवास करता है तथा उसका व्यवहार मेरे एवं मेरे परिवार वालों के प्रति आक्रामक है। उसने स्वयं की पत्नी एवं तीन नाबालिग पुत्रियों को छोड़ दिया है तथा उन्हें मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाता है। नशे का आदि है तथा किसी पूनम नाम की महिला के साथ उसके अवैध, अनैतिक संबंध हैं। सदैव गंभीर घटना घटित करने की धमकियां देता है। जिससे मैं एवं मेरे परिजन अत्यधित पीड़ित हैं। इस कारण में अपनी मर्जी एवं इच्छा से अपनी स्वअर्जित संपत्ति से उसे बेदखल कर रहा हूँ तथा सर्व साधारण, नाते रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मुकेश जैन से मेरा कोई संबंध ना होने के कारण उससे किसी प्रकार के संबंध ना रखें और यदि उससे किसी प्रकार का कोई व्यवहार रखता है अथवा उसके किसी भी आपराधिक कृत्य के लिए मैं एवं मेरा परिवार किसी प्रकार से कोई जबावदार नहीं होगा।
अत: सूचित हो।
दिनांक 06.05.2026

भवदीय
शिखर चंद जैन पुत्र नन्ने लाल जैन
राजेश जैन पुत्र शिखर चंद जैन (भाई)
निवासीगण सुभाष नगर विदिशा
मो.नं. 7583034489




## जिला पंचायत में वार्ड 4 की समीक्षा बैठक संपन्न, वर्षा पूर्व सभी निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** जिला पंचायत सभाकक्ष में वार्ड क्रमांक 4 की समीक्षा बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई. बैठक में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं उपयंत्री उपस्थित रहे. बैठक में शेष विकास कार्यों की पहचान कर नए कार्यों की स्वीकृति दी गई तथा चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की गई. अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि मानसून से पूर्व सभी निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं ताकि किसी प्रकार की समस्या न हो.समापन पर सौहार्दपूर्ण माहौल में एक अधिकारी की वर्षगांठ पर केक काटकर शुभकामनाएं दी गईं और टीम भावना की सराहना की गई.

## संगठन के कार्यक्रमों को निष्ठा के साथ करें पूर्ण - पटेल

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक में बुधवार को मंडल के प्रभारी गोविंद पटेल ने कहा कि बंगाल की जीत हमे उत्साहित करने वाली अवश्य है, लेकिन हमको ओर अधिक ऊर्जा के साथ संगठन को ओर अधिक मजबूत करने के साथ सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी बनाने की आवश्यकता है. मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ केंद्र की बैठके नियमित रूप से संचालित हो. कार्यकर्ताओं से हमारा संपर्क निरंतर बना रहना चाहिए. बैठक के दौरान उन्होंने जिला संगठन की कार्ययोजना से मंडल कार्यकारणी को अवगत कराया. विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि संगठन, मतदान केंद्र, शहरी ग्राम केंद्र, बूथ इकाई, मंडल केंद्र को मजबूत बनाना कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए. पार्टी की रीति नीति ओर पार्टी के निर्धारित कार्यक्रमों का अनुसरण कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए.

## संघर्षशील कार्यकर्ताओं को ही मिले जिम्मेदारी : जिला कांग्रेस प्रभारी

- जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक में संगठन मजबूती और चक्काजाम आंदोलन की रणनीति पर चर्चा



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त जिला कांग्रेस प्रभारी राजेश रघुवंशी की विशेष उपस्थिति में जिला कांग्रेस समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. उनके प्रथम आगमन पर जिला कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया. इसके बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया.**

बैठक के दौरान किसानों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में 7 मई को मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित चक्काजाम आंदोलन को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई. कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में शाजापुर पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया. साथ ही समसामयिक राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर दिया गया.जिला कांग्रेस प्रभारी राजेश रघुवंशी ने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं और वही गांव-गांव कांग्रेस को मजबूत कर 2028 में सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. उन्होंने स्पष्ट कहा कि संगठन में जिम्मेदारी उन्हीं लोगों को दी जानी चाहिए जो संघर्ष करने की क्षमता रखते हों और जनता के बीच जाकर काम करने का साहस रखते हों.उन्होंने आगे कहा कि 2028 का विधानसभा चुनाव केवल चुनाव नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने का संघर्ष है. इसके लिए हर स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता जरूरी है. योजना के तहत जिले के सभी जिम्मेदार नेताओं को 123 मंडलों में से एक-एक मंडल की जिम्मेदारी दी जाएगी, जहां उन्हें बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना होगा.जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी का आईटी सेल जनता के मुद्दे उठा रहा है और सरकार की नाकामियों को उजागर कर रहा है, लेकिन चुनाव केवल डिजिटल माध्यम से नहीं जीते जा सकते. चुनाव मैदान में जनता के बीच जाकर ही लड़े जाते हैं.बैठक में विधानसभा प्रभारियों सहित जिला कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष एवं मोर्चा संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

## सालों से वही परेशानी, वही मुद्दे और फिर हुआ मंथन

- व्यापार महासंघ की संयुक्त बैठक में शहर की समस्याओं पर मंथन
- पार्किंग और अतिक्रमण हटाने पर सहमति

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ कलेक्ट्रेट, सामान्य प्रशासन, पुलिस विभाग एवं नगर पालिका अधिकारियों की संयुक्त बैठक पुरानी नगर पालिका हॉल बस स्टैंड पर आयोजित की गई. इस बैठक में वही सालों पुराने मुदेदे और उन्ही परेशानियों को लेकर चर्चा हुई इसी सब के बीच प्रशासन और पुलिस ने बैठक करने वालों को दिलासे का लॉलीपोप थमा दिया.बैठक में शहर की प्रमुख समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.**

व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई. इसमें प्रशासन की तरफ से एसडीएम क्षितिज शर्मा, नगर पालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह, सीएसपी अतुल सिंह, टीआई आनंदराज सिंह एवं यातायात प्रभारी आशीष राय उपस्थित रहे.बैठक में शहर में पार्किंग, ट्रैफिक, बाजार में अतिक्रमण, मुख्य बाजार में ठेले, मूत्रालय, सुलभ कॉम्प्लेक्स एवं यातायात व्यवस्था जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई. व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन ने विभिन्न स्थानों पर पार्किंग बनाने का प्रस्ताव रखा, जिनमें माधवगंज रेलवे स्टेशन, मेन रोड बाल विहार के पास, पुरानी नगर पालिका, बड़ा बाजार, तिलक चौक, नीमताल गांधी प्रतिमा के पीछे आदि स्थान शामिल हैं. ठेले वालों के लिए अलग स्थान चिन्हित करने और उन्हें व्यवस्थित करने का सुझाव भी दिया गया. बड़ा बाजार की सब्जी मंडी को खाई रोड पर बने नगर पालिका के टीन शेड में शिफ्ट करने की मांग रखी गई.

मेन रोड पर व्हाइट पेंट से पार्किंग लाइन खींचने, दुकानदारों को अपनी गाड़ी सीमा में रखने के निर्देश देने और नियमों का पालन न करने पर वाहनों की टोइंग की व्यवस्था करने पर भी चर्चा हुई. नगर पालिका से नालियों पर जालियां लगाने एवं छोटे दुकानदारों का बढ़ा हुआ किराया कम करने की मांग भी रखी गई. एसडीएम क्षितिज शर्मा ने कहा कि शहर हम सभी का है, बाजार व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा.सब्जी बाजार एवं ठेले वालों के लिए उचित स्थान तय कर व्यवस्थित किया जाएगा और क्षेत्रवार योजना बनाकर काम किया जाएगा.

### व्यापारियों की बैठक में बाल विहार के पास कचरा हटाकर पार्किंग व शौचालय बनाने का प्रस्ताव

बैठक में कई व्यापारियों ने बाल विहार के पास लगे कचरे के ढेर को हटाकर वहां पार्किंग, मूत्रालय एवं सुलभ कॉम्प्लेक्स बनाने का प्रस्ताव रखा. साथ ही सार्वजनिक शौचालयों को व्यवस्थित करने की मांग भी की गई.अन्य व्यापारियों ने शहर की सड़कों की स्थिति सुधारने, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान किसी से दुर्व्यवहार न होने देने तथा मेन रोड पर फोर व्हीलर वाहनों की आवाजाही सीमित करने की मांग की. उन्होंने डीजे के तेज आवाज पर नियंत्रण की बात भी रखी.पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही पार्किंग व्यवस्था शुरू की जाएगी और मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाया जाएगा.नगर पालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर पेड़-पार्किंग विकसित की जाएगी और बाजार में पार्किंग लाइन भी बनाई जाएगी. बैठक में प्रशासन और व्यापारियों के बीच समन्वय पर जोर दिया गया, ताकि शहर की व्यवस्थाएं बेहतर की जा सकें.


**विकास पचौरी रेडियो**
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.




## 10 वर्षीय बालक की संदिग्ध मौत से इलाके में शोक

**नवभारत न्यूज**

**लटेरी,** थाना क्षेत्र में दर्दनाक घटना सामने आई है. 6 मई को अनमोल यादव (उम्र लगभग 10 वर्ष), पिता डोंगर सिंह यादव, निवासी बहेड़ाबर्री का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला.जानकारी के अनुसार, अनमोल अपने माता-पिता के साथ सेन मैरिज गार्डन में शादी समारोह में गया था, जहां वह अचानक लापता हो गया. परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला.सुबह गार्डन के सामने निर्माणाधीन मकान के पास पानी से भरे सेफ्टी टैंक में बच्चे का शव मिला. पुलिस ने शव को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं. पुलिस मामले की जांच कर रही है.



## व्हाइटफील्ड वेयरहाउस में अनियमितताओं का मामला, करंट से बड़ा हादसा होने की आशंका

**नवभारत न्यूज**

**ग्यारसपुर 6 मई, क्षेत्र के व्हाइटफील्ड वेयरहाउस (खिरिया जागीर) में गेहूं उपार्जन के साथ-साथ चना और मसूर खरीदी के दौरान गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है. यह मामला समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया.**

नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन द्वारा वेयरहाउस संचालक विनय पटेल, मैनेजर एवं सर्वेयर को बुलाकर एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत होने के निर्देश दिए गए. एसडीएम शशि मिश्रा ने संबंधित संचालक, मैनेजर और सर्वेयर को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, अन्यथा वेयरहाउस एवं समिति को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा. वेयरहाउस परिसर में गंभीर लापरवाही भी सामने आई है. रास्ते में ही डीपी से करंट की डोरी लटकी हुई है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही है. पत्रकारों द्वारा मौके पर की गई जांच में कई अन्य अनियमितताएं भी उजागर हुईं, जिससे व्यवस्थाओं की गंभीर स्थिति सामने आई.इस संबंध में नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन ने बताया कि अब सभी व्यवस्थाएं सुधार दी गई हैं और भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होने दी जाएगी.

**आयोजन** | सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट में 360 छात्रों ने प्रस्तुत किए प्रोजेक्ट

## अंतिम वर्ष के छात्रों ने साझा किए चार वर्षों के अनुभव, पोस्टर प्रेजेंटेशन में दिखे नवाचार

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, 6 मई 2026. सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग द्वारा बी.टेक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया. इस दौरान बी.टेक (सीएसई), बी.टेक (सीएसई ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी) एवं बी.टेक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस) के लगभग 360 छात्रों ने अपने फाइनल ईयर प्रोजेक्ट्स का पोस्टर के माध्यम से प्रभावी प्रदर्शन किया.**




कार्यक्रम में संस्थान के संचालक डॉ. वाई. के. जैन, इलेक्ट्रॉनिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष दातार, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. कनक सक्सेना, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील जोशी सहित संकाय सदस्यों के पैनल ने प्रोजेक्ट्स का अवलोकन कर छात्रों की सराहना की.

प्रदर्शित प्रोजेक्ट्स में निर्भया महिला सुरक्षा प्रोजेक्ट को विशेष सराहना मिली, जिसे राज्य स्तर पर भी पहचान प्राप्त हो चुकी है. एआईएडीएस के छात्र सतीश प्रजापति द्वारा प्रस्तुत वाइल्डफायर शील्ड प्रोजेक्ट, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से जंगल में आग का पता लगाया जा सकता है, आकर्षण का केंद्र रहा. सुपरनोवा प्रोजेक्ट के जरिए उपयोगकर्ता टेलीफोन के माध्यम से हिंदी एवं अंग्रेजी में अपनी समस्याओं का समाधान एआई प्लेटफॉर्म से प्राप्त कर सकते हैं. इसके अलावा भारतीय संस्कृति एवं विरासत को समझने के लिए विकसित एआई आधारित प्लेटफॉर्म भी सराहनीय रहा. एग्रोस्कैन प्रोजेक्ट में एआई मॉडल के माध्यम से पौधों की बीमारियों की पहचान और पूर्वानुमान किया जाता है. इस प्रकार कुल लगभग 95 प्रोजेक्ट्स का पोस्टर प्रेजेंटेशन किया गया.प्रेजेंटेशन के बाद छात्रों ने अपने चार वर्षों के अनुभव साझा किए. उन्होंने संस्थान द्वारा प्रदान किए गए सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान के लिए आभार व्यक्त किया और बताया कि इसी आधार के चलते उन्हें इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट के बेहतर अवसर मिले.छात्रों ने डॉ. कनक सक्सेना की अनुशासनात्मक सख्ती को कड़वी दवा बताते हुए इसे अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक बताया. साथ ही उन्होंने संकाय सदस्यों और स्टाफ का धन्यवाद करते हुए अपने कक्षा और हॉस्टल जीवन के अनुभव भावुकता के साथ साझा किए.डॉ. कनक सक्सेना ने अपने उद्बोधन में छात्रों को उपयोगकर्ता के बजाय डेवलपर बनने की सीख दी. वहीं डॉ. सुनील जोशी ने परिश्रम और ईमानदारी से कार्य कर संस्थान, शहर और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया.संस्थान के संचालक डॉ. वाई. के. जैन ने इस पहल की सराहना करते हुए छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. वहीं संस्था के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मारखेड़कर ने भी स्नातक छात्रों को बधाई दी. कार्यक्रम में दोनों विभागों के संकाय सदस्य एवं स्टाफ उपस्थित रहे और छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की.

## 5 माह बाद गुना से नाबालिग बालिका सकुशल दस्तयाब, परिजनों से मिलाया

- ऑपरेशन मुस्कान की सफलता




**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** थाना उनारसीकलां पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 5 माह बाद गुना से नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसे परिजनों से मिलाया. जानकारी के अनुसार विगत दिनों फरियादिया द्वारा थाना उपस्थित होकर अपनी नाबालिग छोटी बहन उम्र करीब 17 वर्ष 7 माह के कहीं गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई. रिपोर्ट के आधार पर थाना उनारसीकलां में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास करते हुए बीते दिनों उक्त नाबालिग बालिका को जिला गुना से सकुशल दस्तयाब किया गया. जिसके बाद जानकारी मिली है कि वह अपनी दीदी जीजा व भाई से नाराज होकर अपने दादा के घर चली गई थी तथा उसके साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई. तत्पश्चात बालिका को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया. जिले में गुमशुदा एवं अपहृत बालक बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में निरंतर ऑपरेशन मुस्कान अभियान संचालित किया जा रहा है. ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत विदिशा पुलिस द्वारा वर्ष 2025-26 में अब तक 426 से अधिक गुमशुदा, अपहृत बालक बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों से मिलवाया जा चुका है.

### थाना उनारसीकलां पुलिस की कार्यवाही

उक्त कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी उनारसीकलां के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक गोसिया सुल्तान, आरक्षक रूपेश मेहता साइबर सेल, सहायक उप निरीक्षक जितेन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक कुलदीप सिंह चंदेल, प्रधान आरक्षक रवि राव, आरक्षक, घनश्याम, कृष्णपाल, नवीन जाट, मोहित कुमार, राहुल यादव एवं महिला आरक्षक दीपा रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही.